इंडिया रैंकिंग्स , 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-rankings-2020

प्रीलिम्स के लिये

राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क

मेन्स के लिये

भारत में शैक्षणिक परिदृश्य एवं मानव संसाधन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (Ministry of Human Resource Development-MHRD) द्वारा राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (National Institutional Ranking Framework-NIRF) के तहत जारी 'इंडिया रैंकिंग्स 2020' (India Rankings 2020) में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IIT-Madras) को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत के सबसे सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के रैंकिंग फ्रेमवर्क में देश भर के कुल 3,771 संस्थान पंजीकृत किये गए हैं, जो कि बीते वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक हैं।
- यह भारत में उच्च शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग का लगातार पाँचवाँ संस्करण है। वर्ष 2020 में पहले की नौ रैंकिंग के अलावा 'डेंटल' (Dental) श्रेणी को पहली बार शामिल किया गया, जिससे इस वर्ष कुल श्रेणियों की संख्या दस हो गई है।

इस प्रकार की रैंकिंग का महत्त्व

- इस प्रकार की रैंकिंग से छात्रों को कुछ मापदंडों के आधार पर विश्वविद्यालयों का चयन करने में सहायता मिलती है।
- इस रैंकिंग के माध्यम से विश्वविद्यालयों को विभिन्न रैंकिंग मापदंडों पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और अनुसंधान तथा सुधार के क्षेत्रों में खामियों की पहचान करने में मदद मिलती है।
- राष्ट्रीय स्तर पर संस्थानों की रैंकिंग संस्थानों के बीच बेहतर प्रदर्शन करने और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में उच्च रैंकिंग सुनिश्चित करने के लिये प्रतिस्पर्द्धात्मक भावना पैदा करती है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय की यह रैंकिंग निम्नलिखित श्रेणियों में जारी की गई है-

समग्र

- **पहला स्थान:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (IIT-Madras)
- **दूसरा स्थान:** भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरु (IISc-Bengaluru)
- **तीसरा स्थान:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (IIT-Delhi)

विश्वविद्यालय

- **पहला स्थान:** भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरु (Indian Institute of Science, Bengaluru)
- **दूसरा स्थान:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली (Jawaharlal Nehru University)
- **तीसरा स्थान:** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी (Banaras Hindu University)

इंजीनियरिंग

- **पहला स्थान:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (Indian Institute of Technology Madras)
- **दूसरा स्थान:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (Indian Institute of Technology Delhi)
- **तीसरा स्थान:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे (Indian Institute of Technology Bombay)

प्रबंधन

- **पहला स्थान:** भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद (Indian Institute of Management Ahmedabad)
- **दूसरा स्थान:** भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर (Indian Institute of Management Bangalore)
- **तीसरा स्थान:** भारतीय प्रबंधन संस्थान, कलकत्ता (Indian Institute of Management Calcutta)

कॉलेज

- **पहला स्थान:** मिरांडा हाउस, दिल्ली (Miranda House, Delhi)
- **दूसरा स्थान:** लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन, नई दिल्ली (Lady Shri Ram College for Women, New Delhi)
- **तीसरा स्थान:** हिंदू कॉलेज, दिल्ली (Hindu College, Delhi)

फार्मेसी (Pharmacy)

- **पहला स्थान:** जामिया हमदर्द, नई दिल्ली (Jamia Hamdard, New Delhi)
- **दूसरा स्थान:** पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ (Panjab University, Chandigarh)
- **तीसरा स्थान:** नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, मोहाली (National Institute of Pharmaceutical Education and Research, Mohali)

मेडिकल

- **पहला स्थान:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली (All India Institute of Medical Sciences, New Delhi)
- **दूसरा स्थान:** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (Post Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh)
- **तीसरा स्थान:** क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर (Christian Medical College, Vellore)

वास्तुकला

- **पहला स्थान:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर (Indian Institute of Technology Kharagpur)
- **दूसरा स्थान:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की (Indian Institute of Technology Roorkee)
- **तीसरा स्थान:** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कालीकट (National Institute of Technology Calicut)

कानून

- **पहला स्थान:** नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बंगलुरु (National Law School of India University, Bengaluru)
- **दूसरा स्थान:** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली (National Law University, New Delhi)
- **तीसरा स्थान:** नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद (Nalsar University of Law, Hyderabad)

डेंटल

- **पहला स्थान: मौलाना आज़ाद इंस्टीटयूट ऑफ डेंटल साइंसेज़, दिल्ली (Maulana Azad Institute of Dental Sciences, Delhi)**
- **दूसरा स्थान:** मणिपाल कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज़, उडुपी (Manipal College of Dental Sciences, Udupi)
- **तीसरा स्थान:** डॉ डी. वाई. पाटिल विद्यापीठ, पुणे (Dr. D. Y. Patil Vidyapeeth, Pune)

राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क

(National Institutional Ranking Framework-NIRF)

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (National Institutional Ranking Framework - NIRF) को सितंबर, 2015 में शुरू किया गया था।
- इस फ्रेमवर्क के अंतर्गत देशभर के शैक्षणिक संस्थानों को उनकी गुणवत्ता एवं प्रदर्शन के आधार पर सूचीबद्ध करने के लिये एक पद्धति की रूपरेखा तैयार की जाती है।
- शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग करने के लिये कुछ विशेष मानक तय किये गए हैं। इन मानकों में आम तौर पर 'शिक्षण, शिक्षा और संसाधन' (Teaching, Learning and Resources), 'अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास (Research and Professional Practices), 'स्नातक परिणाम' (Graduation Outcomes), 'आउटरीच और समावेशिता' (Outreach and Inclusivity) और 'अनुभूति' (Perception) आदि को शामिल किया जाता हैं।

स्रोत: पी.आई.बी